भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1843

(जिसका उत्तर मंगलवार, दिनांक 5 अगस्त, 2025 (14 श्रावण, 1947(शक) को दिया जाना है)

₹ 500 के नोट और एटीएम निकासी पर नीति

1843. **श्री येरेम वेंकट सुब्बा रेड्डी:**

श्री मिलिंद मुरली देवरा:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार कम मूल्य वाले नोटों को प्राथमिकता दे रही है;
(ख) क्या आरबीआई ने बैंकों को 30 सितंबर, 2025 तक एटीएम से ₹ 500 के नोटों का वितरण बंद करने का निर्देश दिया है, तत्संबंधी क्या कारण हैं;
(ग) क्या 31 मार्च, 2026 तक 75 प्रतिशत बैंक एटीएम और 90 प्रतिशत एटीएम से ₹ 500 के नोट का प्रचलन बंद करने का लक्ष्य रखा गया है;
(घ) क्या आरबीआई द्वारा अब से केवल ₹ 200 और ₹ 100 के नोट ही जारी किए जाएंगे और क्या आरबीआई ने बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम को इनकी उपलब्धता और वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया है; और
(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और अनुपालन लागू करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं तथा जनता की सुविधा और नकदी सुलभता पर इसका क्या संभावित प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): नहीं सर। किसी भी मूल्यवर्ग के बैंकनोटों के मुद्रण का निर्णय भारत सरकार द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श से लिया जाता है ताकि जनता की लेन-देन संबंधी मांग को सुविधाजनक बनाने हेतु वांछित मूल्यवर्ग संबंधी संतुलन बनाए रखा जा सके।

(ख) से (ङ): ₹500 मूल्यवर्ग के बैंक नोटों की आपूर्ति बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं है और एटीएम से ₹500 मूल्यवर्ग के नोटों के साथ-साथ ₹100/₹200 मूल्यवर्ग के नोटों के वितरण जारी रहेंगे। भारतीय रिज़र्व बैंक ने सूचित किया है कि अक्सर उपयोग किए जाने वाले मूल्यवर्ग के बैंक नोटों तक जनता की पहुंच बढ़ाने के उनके प्रयास के अंतर्गत, 28 अप्रैल, 2025 को 'एटीएम के माध्यम से ₹100 और ₹200 मूल्यवर्ग के बैंक नोटों का वितरण' नामक एक परिपत्र जारी किया गया है, जिसमें सभी बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटरों (डब्ल्यूएलएओ) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उनके एटीएम निम्नलिखित लक्ष्यों के अनुसार नियमित आधार पर ₹100 और ₹200 मूल्यवर्ग के बैंक नोट वितरित करें:

(i) 30 सितंबर, 2025 तक सभी एटीएम में से 75% एटीएम कम से कम एक कैसेट से ₹100 या ₹200 मूल्यवर्ग के बैंक नोट प्रदान करेंगे।

(ii) 31 मार्च, 2026 तक सभी एटीएम में से 90% एटीएम कम से कम एक कैसेट से ₹100 या ₹200 मूल्यवर्ग के बैंक नोट प्रदान करेंगे।

****